# राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन)

**जबकि**, मार्च 2020 के आरंभ से इलिनॉय एक ऐसी वैश्विक महामारी द्वारा उत्पन्न आपदा का सामना कर रहा है जिसने हजारों निवासियों की जान ले ली है, जो 1,00,000 से भी अधिक को संक्रमित कर चुकी है और यह आंकड़ा अभी-भी बढ़ रहा है, जिसके कारण अभूतपूर्व रुग्णता एवं जनहानि हुई है; और,

**जबकि**, सारे समय पर विशेष रूप से किसी सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के दौरान, इलिनॉय वासियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का संरक्षण करना राज्य सरकार के सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक होता है; और,

**जबकि,** यह महत्वपूर्ण है कि इलिनॉय के जो निवासी बीमार हो जाते हैं उनका चिकित्सा पेशेवरों द्वारा इलाज किया जाए, जिसमें अस्पताल का बिस्तर, आपातकालीन कक्ष का बिस्तर, या वेंटिलेटर की आवश्यकता शामिल है; तथा,

**जबकि,** यह भी महत्वपूर्ण है कि राज्य के स्वास्थ्य देखभाल और प्रथम प्रतिक्रिया कार्यबल के पास मरीजों का सुरक्षात्मक तरीके से इलाज करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदाओं पर कार्यवाही करने,और संक्रामक रोगों के प्रसार को रोकने के लिए पर्याप्त संख्या में व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) हों; और,

**जबकि,** इलिनॉय कोरोनावायरस रोग 2019 (कोविड-19 (COVID-19)) द्वारा उत्पन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट पर प्रतिक्रिया देने के चौथे माह में प्रवेश कर रहा है और यह रोग एक अभिनव, गंभीर, तीव्र श्वसन रोग है जो श्वसन संचरण के माध्यम से लोगों के बीच तेज़ी से फैल चुका है और लगातार फैल रहा है और यह कि अभी-भी इसका कोई प्रभावी उपचार या टीका नहीं मिला है और इससे संपूर्ण राज्य में निवासियों, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं, प्रथम प्रतिक्रियादाताओं और सरकारों पर जो बोझ पड़ा है वह अभूतपूर्व है; और,

**जबकि**, विश्व स्वास्थ्य संगठन (वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइज़ेशन) ने 30 जनवरी, 2020 को कोविड-19 (COVID-19) को अंतरराष्ट्रीय चिंता वाला सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया था, और संयुक्त राज्य अमेरिका के स्वास्थ्य एवं मानव सेवाएं सचिव (यूनाइटेड स्टेट्स सेक्रेटरी ऑफ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेस) ने 27 जनवरी, 2020 को यह घोषणा कर दी थी कि कोविड-19 (COVID-19) एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल प्रस्तुत करता है; और,

**जबकि**, 11 मार्च, 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने COVID-19 प्रकोप को एक वैश्विक महामारी के रूप में चिन्हित किया, और अब यह पूरे विश्व में COVID-19 के 55 लाख से अधिक पुष्टिकृत मामले एवं COVID-19 के कारण 350,000 मौतों की रिपोर्ट कर चुका है; और,

**जबकि,** COVID-19 को रोकने के प्रयासों के बावजूद, विश्व स्वास्थ्य संगठन और रोग नियंत्रण और रोकथाम के संघीय केंद्रों (federal Centers for Disease Control and Prevention) (CDC) ने संकेत दिया कि वायरस का प्रसार जारी रहने की उम्मीद है और यह वास्तव में तेजी से फैलता रहा, जिसके परिणामस्वरूप संघीय और राज्य सरकारों को महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता है; और,

**जबकि,** 9 मार्च, 2020 को मैं, जेबी प्रिट्ज़कर (JB Pritzker), इलिनॉय का राज्यपाल (गवर्नर), ने COVID-19 के प्रकोप की प्रतिक्रिया में इलिनॉय राज्य की समस्त काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित किया था; और,

**जबकि**, 13 मार्च, 2020 को राष्ट्रपति ने सभी राज्यों एवं राज्य क्षेत्रों, जिनमें इलिनॉय शामिल है, को कवर करने वाले रॉबर्ट टी. स्टैफ़र्ड आपदा राहत एवं आपातकालीन सहायता अधिनियम (Robert T. Stafford डिज़ास्टर रिलीफ़ एंड एमरजेंसी असिस्टेंस एक्ट), 42 U.S.C. की धारा 501 (b) 5121-5207 ("स्टैफ़र्ड अधिनियम") के अनुसरण में राष्ट्रव्यापी आपातकाल घोषित कर दिया था; और,

**जबकि**, 26 मार्च, 2020 को राष्ट्रपति ने स्टैफ़र्ड अधिनियम के अनुभाग 401 के अनुसरण में इलिनॉय में प्रमुख आपदा घोषित कर दी थी; और,

**जबकि**, 1 अप्रैल, 2020 को, इलिनॉय में कोविड-19 (COVID-19) के विस्फोटक फैलाव के कारण, मैंने इलिनॉय राज्य की सभी काउंटियों को एक बार पुनः आपदा क्षेत्र घोषित किया था; और,

**जबकि**, 30 अप्रैल, 2020 को, इलिनॉय में कोविड-19 (COVID-19) के लगातार प्रसार के कारण, अस्पताल शैयाओं, ER शैयाओं, और वेंटिलेटरों की कमी के ख़तरे के कारण, और अपर्याप्त परीक्षण क्षमता के कारण, मैंने पुनः इलिनॉय राज्य की सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित किया था; और,

**जबकि**, जब कोविड-19 (COVID-19) से संबंधित परिस्थितियां तेज़ी से विकसित हो रही हैं तो ऐसे में उभरते आ रहे साक्ष्यों के फलस्वरूप सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों से मिलने वाली जानकारी एवं मार्गदर्शन में बारंबार बदलाव हुए हैं; और,

**जबकि**, कोविड-19 (COVID-19) की अभूतपूर्व प्रकृति, जिसमें न केवल श्वसन तंत्र बल्कि हृदय, मस्तिष्क, वृक्कों, और शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पर पड़ने वाले इसके विभिन्न प्रकार के प्रभाव शामिल हैं, ने इस विषाणु यानि वायरस के प्रभावों और इसके पथ का पूर्वानुमान लगाना कठिन बना दिया है; और,

**जबकि,** आरंभ से ही, आंकड़ों से यह संकेत मिला है कि वृद्धजनों और अन्य गंभीर स्वास्थ्य (रोग-)स्थितियों से पीड़ित व्यक्तियों में कोविड-19 (COVID-19) के कारण गंभीर, और कभी-कभी घातक, जटिलताएं होने की संभावना अधिक है; और,

**जबकि,** उभरते आ रहे साक्ष्यों ने दर्शाया है कि युवा लोग एवं बच्चे, जिनमें नवजात और घुटनों पर चलने वाले बच्चे भी शामिल हैं, में भी ऐसी जटिलताओं का जोख़िम है; और,

**जबकि**, अस्पताल में भर्ती हुए कोविड-19 (COVID-19) रोगियों में युवा और मध्य-आयु के लोग उल्लेखनीय संख्या में हैं, और इस बात का साक्ष्य मौजूद है कि कोविड-19 (COVID-19) रक्त के थक्के जमने और मस्तिष्काघात (स्ट्रोक) का कारण बनता है, और इससे युवाओं और मध्य-आयु के ऐसे रोगियों में प्राणघातक मस्तिष्काघात (स्ट्रोक) हुए हैं जिनमें बहुत कम लक्षण दिखे थे; और,

**जबकि,** ऐसे संक्रमित व्यक्तियों जिनमें लक्षण नहीं दिखे हैं, से होने वाले प्रसार पर समझ अब बदल चुकी है, और 12 अप्रैल, 2020 को CDC ने संपर्क जोख़िम की अवधि को ''लक्षणों के आरंभ'' से बदलकर ''लक्षण आरंभ से 48 घंटे पहले'' कर दिया था; और,

**जबकि**, वायरस से संक्रमित हुए कुछ लोगों में लक्षण नहीं दिखते हैं पर फिर भी वे इसे दूसरों तक फैला सकते हैं; और,

**जबकि,** हालांकिं CDC ने शुरू में सुरक्षा के रूप में कपड़े के फ़ेस कवर या मास्क पहनने के विरोध में अनुशंसा की थी, उभरते हुए लक्षणहीन और लक्षण-पूर्व संचार पर हुए शोध के नतीजे में, CDC ने अपने निष्कर्षों को संशोधित किया है और ऐसे सार्वजनिक स्थानों में कपड़े के फ़ेस कवर पहनने का सुझाव देता है जहां सामाजिक दूरी के उपायों को बनाए रखना कठिन है; और,

**जबकि,** चूंकि राज्यपालीय आपदा उद्घोषणाओं (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन्स) के दौरान कोविड-19 (COVID-19) इलिनॉय में फैल चुका है, और संपूर्ण राज्य में आपदा उत्पन्न करने वाली परिस्थितियां बदल चुकी हैं एवं लगातार बदल रही हैं, तो ऐसे में अगले कुछ माह में वायरस का पथ क्या होगा इसके निर्णायक पूर्वानुमान लगाना अत्यंत कठिन हो गया है; और,

**जबकि,** जिस समय मैंने प्रथम राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन) जारी की थी तब इलिनॉय की एक काउंटी में कोविड-19 (COVID-19) के 11 पुष्ट मामले थे; और,

**जबकि,** आज, 29 मई, 2020 को, इलिनॉय की 100 काउंटियों में कोविड-19 (COVID-19) के पुष्ट मामलों की संख्या लगभग 115,000 है; और,

**जबकि,** इलिनॉय में कोविड-19 (COVID-19) के कारण हुई मानी गई पहली मृत्यु की घोषणा 17 मार्च, 2020 को हुई थी; और,

**जबकि**, इलिनॉय में कोविड-19 (COVID-19) के कारण आज, 29 मई, 2020 तक 5,180 से भी अधिक मौतें हो चुकी हैं, और कई दिनों 100 से अधिक इलिनॉय वासियों ने वायरस के हाथों जान गंवाई है; और,

**जबकि,** अध्ययनों से पता चलता है कि हर पुष्ट मामले के साथ कई और अज्ञात मामले होते हैं, जिनमें से कुछ लक्षण रहित व्यक्ति होते हैं, जो अनजाने ही दूसरों को वायरस दे सकते हैं; और,

**जबकि**, हालांकि कोविड-19 (COVID-19) के नए मामलों की संख्या हाल के सप्ताह में स्थिर हो गई है और संभावित रूप से घटने लगी है, पर वायरस अभी-भी हजारों लोगों को संक्रमित कर रहा है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में इलिनॉय वासियों की जान ले रहा है; और,

**जबकि**, कोविड-19 (COVID-19) ने विषम रूप से ऊंची दर पर इलिनॉय के अश्वेत और हिस्पेनिक वासियों की जानें ली हैं और उनके स्वास्थ्य को प्रभावित किया है – जिससे स्वास्थ्य विषमताएं एवं असमानताएं उल्लेखनीय रूप से बढ़ गई हैं; और,

**जबकि,** इलिनॉय जन स्वास्थ्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ) ने अस्पताल संसाधनों के इस्तेमाल एवं क्षमता की आवश्यकता में अचानक बड़े उछाल से बचने के लिए अस्पतालों, स्थानीय स्वास्थ्य विभागों, और आपातकालीन प्रबंधन प्रणालियों के आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रयासों में तालमेल बैठाने के लिए अपनी इलिनॉय आपातकालीन संचालन योजना (एमरजेंसी ऑपरेशंस प्लान) और अपनी आपातकालीन सहयोग प्रकार्य 8 योजना (एमरजेंसी सपोर्ट फ़ंक्शन 8 प्लान) सक्रिय कर दी थीं; और,

**जबकि,** जैसे जैसे वायरस इलिनॉय में फैला है, राज्य के सामने संकट का बढ़ना जारी है और एक लगातार विकसित होती प्रतिक्रिया की आवश्यकता है ताकि अस्पताल, स्वास्थ्य कर्मी और प्रथम प्रतिक्रिया देने वाले लोग इलिनॉय के सभी निवासियों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करें, और यह लगातार अपडेट होने वाले CDC के मार्गदर्शन के अनुरूप हो; और,

**जबकि,** स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर, प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता, अस्पताल एवं अन्य इकाइयां इलिनॉय के सभी निवासियों की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं की पूर्ति में समर्थ हो सकें इसे सुनिश्चित करने के लिए, राज्य के पास अत्यावश्यक आपूर्तियों, जिनमें PPE, जैसे मास्क, फ़ेस शील्ड, गाउन, एवं दस्ताने शामिल हैं, का होना आवश्यक है; और,

**जबकि,** इलिनॉय राज्य एक भंडार बनाकर रखता है जो मौजूदा PPE आपूर्ति शृंखलाओं और विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल इकाइयों के स्टॉक को सहयोग देता है; और,

**जबकि,** राज्य अतिरिक्त PPE जुटाने का हर संभव प्रयास कर रहा है, और ऐसे में यदि जुटाने के ये प्रयास बाधित होते हैं या इलिनॉय में कोविड-19 (COVID-19) के मामलों में अचानक उछाल आता है, तो राज्य के सामने स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों और प्रथम प्रतिक्रियाकर्ताओं के लिए श्वसन-यंत्रों (रेस्पिरेटर), मास्क, सुरक्षा चश्मों, फ़ेस शील्ड, दस्तानों, गाउन, और अन्य सुरक्षा उपकरणों की प्राणघातक कमी उत्पन्न हो जाएगी; और,

**जबकि**, हालांकि अस्पताल में भर्तियों की संख्या बेहद हाल ही में स्थिर हो गई है, पर अस्पताल में भर्ती की आवश्यकता वाले कोविड-19 (COVID-19) रोगियों के उपचार के लिए इलिनॉय में अस्पताल शैया, ICU शैया, और वेंटिलेटरों का उपयोग प्रतिशत उल्लेखनीय रूप से अधिक है और, यदि मामलों की संख्या में और उछाल आता है, तो राज्य के सामने इन अत्यंत महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल संसाधनों में से एक या अधिक की कमी उत्पन्न हो सकती है; और,

**जबकि**, वर्तमान में इलिनॉय में 3,749 ICU शैया सहित कुल 33,662 अस्पताल शैया उपलब्ध हैं, जिनमें से संपूर्ण राज्य में केवल 34% अस्पताल शैया और 34% ICU शैया इस समय उपलब्ध हैं; और,

**जबकि,** राज्य ने COVID-19 से होने वाली मौतों और ICU उपयोग के दैनिक डेटा का विश्लेषण करने और संभावित परिणामों का पता लगाने के लिए अर्बाना-शाम्पेन के इलिनॉय विश्वविद्यालय, नोर्थवेस्ट स्कूल ऑफ मेडिसिन, शिकागो विश्वविद्यालय, शिकागो और इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ के साथ ही मिकिंसे और मीयर कंसल्टिंग ग्रुप, और सिविस एनालिटिक्स के शीर्ष शोधकर्ताओं के साथ काम किया; और,

**जबकि**, राज्य के मॉडल ने दर्शाया था कि उसके स्वास्थ्य देखभाल संसाधनों का उपयोग मई में अपने शिखर पर पहुंच जाएगा, और यह कि स्वास्थ्य देखभाल संसाधन शिखर आ जाने के बाद भी सीमित बने रहेंगे; पर अब अद्यतित मॉडल यह दर्शाता है कि शिखर आने में संभवतः विलंब हो रहा है, और इसका अंत भाग कई और सप्ताह तक जारी रहेगा; और,

**जबकि,** राज्य की मॉडलिंग यह दिखाना जारी रखे है कि विस्तृत सामाजिक दूरी और अन्य सावधानियां रखे बिना, राज्य को अस्पताल के बिस्तर, ICU के बिस्तर या वेंटीलेटर की कमी का सामना होगा; और,

**जबकि,** महामारी विज्ञान (एपिडेमियॉलजी) की $R_0$ (आर-नॉट (R-naught)) अवधारणा – जो किसी संक्रमित व्यक्ति द्वारा अपनी संक्रामक अवधि के दौरान उत्पन्न किए जाने वाले मामलों की औसत संख्या दर्शाती है – कोविड-19 (COVID-19) जैसे विषाणु यानि

वायरस से लड़ने में होने वाली प्रगति की एक महत्वपूर्ण माप है, और यह कि Ro का 1 से कम होना एक अत्यंत महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह दर्शाता है कि रोग फैलने की बजाय सिकुड़ रहा है; और,

**जबकि,** राज्य का अनुमानित प्रभावी $R_0$ प्रकोप के आरंभ में लगभग 3.5 था, पर राज्य के आपातकालीन उपायों, जिनमें अधिक महत्वपूर्ण "घर पर ही रहें" आदेश शामिल हैं, के आधार पर यह आंकड़ा सुधर कर लगभग 1.13 हो गया है; और,

**जबकि,** अस्पताल शैया, ICU शैया और वेंटिलेटरों की आवश्यकता केवल कोविड-19 (COVID-19) के रोगियों के लिए ही नहीं बल्कि अतिरिक्त रोगों एवं चोटों की किन्हीं भी संख्या के लिए भी है; और,

**जबकि,** हाल के सप्ताहों में ग़ैर-कोविड-19 (non-COVID-19) संबंधी चिकित्सीय देखभाल एवं आपातकालीन देखभाल के लिए अपेक्षाकृत बहुत कम इलिनॉय वासियों ने मांग की है, और यह यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है कि इलिनॉय वासी ग़ैर-कोविड-19 (non-COVID-19) संबंधी चिकित्सीय देखभाल एवं आपातकालीन देखभाल मांगने में समर्थ हों एवं के इच्छुक हों; और,

**जबकि,** यदि पर्याप्त अस्पताल शैया एवं वेंटिलेटर हों, और यदि चिकित्सा कार्मिक PPE की मदद से स्वयं की रक्षा करने में समर्थ हों, तो इलिनॉय वासी ग़ैर-कोविड-19 (COVID-19) संबंधी चिकित्सीय देखभाल एवं आपातकालीन देखभाल की मांग कर सकेंगे और मांग करने के इच्छुक होंगे; और,

**जबकि,** COVID-19 संकट के दौरान, राज्य को COVID-19 परीक्षणों, परीक्षण स्थलों और प्रयोगशालाओं की सीमित संख्या के कारण, और आवश्यक आपूर्तियों, जिनमें नमूने लेने हेतु आवश्यक फ़ाहे शामिल हैं, की कमी के कारण, राज्य में किए जा सकने वाले और प्रक्रमणित (प्रोसेस) किए जा सकने वाले कोविड-19 (COVID-19) परीक्षणों की संख्या अब तक सीमित रही है; और,

**जबकि,** जिस समय मैंने प्रथम राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन) जारी की थी, उस समय इलिनॉय में परीक्षण स्थलों की संख्या बहुत कम थी और उनकी कोविड-19 (COVID-19) के लिए परीक्षण करने की क्षमता मात्र कुछ सौ व्यक्ति प्रतिदिन की थी; और,

**जबकि**, राज्य ने संपूर्ण इलिनॉय में परीक्षण स्थल विकसित किए हैं और अब नियमित रूप से प्रतिदिन कोविड-19 (COVID-19) के 20,000 से अधिक परीक्षण होते हैं, और परीक्षण क्षमता लगातार बढ़ाई जा रही है; और,

**जबकि**, इलिनॉय कोविड-19 (COVID-19) के लिए कुल 8,29,000 नमूनों से भी अधिक का परीक्षण कर चुका है; और,

**जबकि**, इलिनॉय की जनसंख्या के लिए समायोजित राष्ट्रीय अनुमान सुझाते हैं कि राज्य को कोविड-19 (COVID-19) के प्रसार को स्थायी तौर पर धीमा करने और घटाने के प्रभावी प्रयास के भाग के रूप में प्रतिदिन प्रक्रमणित (प्रोसेस) होने वाले परीक्षणों की संख्या लगातार बढ़ाते रहनी होगी; और,

**जबकि**, 5,186 इलिनॉय वासियों की त्रासद जनहानि करने एवं दसियों हजार और निवासियों के शारीरिक स्वास्थ्य पर विपत्ति बनकर टूटने के अतिरिक्त, कोविड-19 (COVID-19) ने विपुल आर्थिक हानि भी की है और यह अभी-भी पूरे राष्ट्र एवं राज्य में उल्लेखनीय संख्या में व्यक्तियों एवं व्यवसायों के आर्थिक कुशलक्षेम को ख़तरे में डाले हुए है; और,

**जबकि**, पूरे राष्ट्र में, वैश्विक महामारी के आरंभ से अब तक 4 करोड़ लोग बेरोज़गारी के दावे दायर कर चुके हैं – और यह संख्या अमेरिकी कर्मियों की कुल संख्या की एक-चौथाई है; और,

**जबकि**, इलिनॉय रोज़गार सुरक्षा विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ एमप्लॉयमेंट सिक्यॉरिटी) ने घोषणा की थी कि अप्रैल में राज्य की बेरोज़गारी दर बढ़कर 16.4% हो गई थी और उस माह 7,62,000 नौकरियां गई थीं; और,

**जबकि**, लघु व्यवसायों को बंद होने से बचाने के प्रयास में संघीय वेतन संरक्षण कार्यक्रम (पेचैक प्रोटेक्शन प्रोग्राम) के माध्यम से इलिनॉय के 1,80,000 से भी अधिक लघु व्यवसायों को कोविड-19 (COVID-19) संबंधी वित्तीय सहायता के मद में $22 अरब से अधिक की धनराशि दी जा चुकी है; और,

**जबकि**, कोविड-19 (COVID-19) के कारण हुई आर्थिक हानि एवं असुरक्षा ने व्यवसायों की व्यवहार्यता को और आवास, चिकित्सीय देखभाल, भोजन, एवं निवासियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्रभावित करने वाले अन्य अत्यंत महत्वपूर्ण संसाधनों की सुलभता को ख़तरे में डाला है; और,

**जबकि,** पूर्वोक्त तथ्यों के आधार पर, और कोविड-19 (COVID-19) के अपेक्षित निरंतर प्रसार को, तथा संपूर्ण राज्य के लोग आगामी माहों में जिन परिणामी स्वास्थ्य एवं आर्थिक प्रभावों का अनुभव करेंगे उनको, विचार में रखते हुए, इलिनॉय में कोविड-19 (COVID-19)

से संबंधित जो वर्तमान परिस्थितियां हैं वे इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट) के अनुभाग 4 के अंतर्गत एक महामारी आपातकाल एवं एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का गठन करती हैं; और,

**जबकि**, पूर्वोक्त के आधार पर, अस्पताल संसाधनों पर लगातार बना हुआ बोझ, संक्रमणों की संख्या में उछाल आने की स्थिति में इन संसाधनों की संभावित कमी, और PPE की खरीद एवं वितरण बढ़ाने तथा कोविड-19 (COVID-19) की परीक्षण क्षमता बढ़ाने की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता, इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट) के अनुभाग 4 के अंतर्गत एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का गठन करते हैं; और,

**जबकि,** इलिनॉय राज्य की यह नीति है कि राज्य किसी भी आपदा को संभालने के लिए तैयार रहेगा और, अतः राज्य के अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराना यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व उपयुक्त है कि हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली उन लोगों की सेवा करने में सक्षम है जो बीमार हैं और यह कि इलिनॉय वासी सुरक्षित एवं महफ़ूज़ रहें; और चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में सक्षम रहें, और,

**जबकि**, यह उद्घोषणा राज्य को आर्थिक अस्थिरता से उत्पन्न होने वाले विनाशकारी दुष्परिणामों में वृद्धि को रोकने के प्रयास में व्यक्तियों एवं व्यवसायों के लिए आर्थिक बहाली सुगम बनाने में सहायता देगी; और,

**जबकि,** यह उद्घोषणा वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल पर राज्य की प्रतिक्रियाओं और स्थानीय सरकारों की प्रतिक्रियाओं को सहयोग देने के प्रयास के दौरान राज्य एवं संघीय संसाधनों, जिनमें कोविड-19 (COVID-19) का परीक्षण करने हेतु आवश्यक सामग्री, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, एवं दवाएं शामिल हैं, में तालमेल बैठाने में इलिनॉय के अभिकरणों (एजेंसियों) की सहायता करेगी; और,

**जबकि,** ये स्थितियां इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट) के अनुभाग 7 के अंतर्गत नई आपदा की उद्घोषणा जारी करने का विधिक औचित्य प्रदान करती हैं; और,

**जबकि,** इलिनॉय का संविधान, अनुच्छेद V, धारा 8 में, यह प्रदान करता है कि "राज्यपाल के पास सर्वोच्च कार्यकारी शक्ति होगी, और वह कानूनों के न्यायसंगत निष्पादन के लिए जिम्मेदार होगा," और प्रस्तावना में कहता है कि, इलिनॉय के संविधान का केंद्रीय उद्देश्य है "लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए कार्य करना,";

**अब**, **अतः**, इलिनॉय के लोगों और सार्वजनिक स्वास्थ्य व सुरक्षा हेतु उत्तरदायी स्थानीय सरकारों की सहायता के हित में, मैं, जे बी प्रिट्ज़कर (JB Pritzker), इलिनॉय का राज्यपाल (गवर्नर), एतद्द्वारा निम्नवत उद्घोषणा करता हूं:

**अनुभाग 1.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट), 20 ILCS 3305/7 के अनुभाग 7 के उपबंधों के अनुसरण में, मैं यह पाता हूं कि इलिनॉय राज्य में एक आपदा अस्तित्व में है और मैं विशिष्ट रूप से इलिनॉय राज्य की समस्त काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित करता हूं। यह उद्घोषणा, इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट), 20 ILCS 3305/7 के अनुभाग 7 में प्रदत्त समस्त आपातकालीन शक्तियों, जिनमें नीचे वर्णित विशिष्ट आपातकालीन शक्तियां शामिल हैं पर वे उन्हीं तक सीमित नहीं हैं, के उपयोग के प्राधिकार की अनुमति देती है।

**अनुभाग 2.** इलिनॉय जन स्वास्थ्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ) और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी) को यह निर्देश दिया जाता है कि वे वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल हेतु योजना बनाने और उस पर प्रतिक्रिया देने के संदर्भ में एक-दूसरे के साथ तालमेल रखें।

**अनुभाग 3.** इलिनॉय जन स्वास्थ्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ) को यह भी निर्देश दिया जाता है कि वह वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के संबंध में जन स्वास्थ्य की रक्षा की रणनीतियों और योजनाओं के विकास और कार्यान्वयन में राज्यपाल (गवर्नर), अन्य राज्य अभिकरणों एवं स्थानीय प्राधिकरणों, जिनमें स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकरण शामिल हैं, के साथ सहयोग करे।

**अनुभाग 4.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी) को यह निर्देश दिया जाता है कि वह आपदा प्रतिक्रिया और बहाली संचालनों में स्थानीय सरकारों की सहायता हेतु राज्य के संसाधनों का समन्वयन करने के लिए राज्य आपातकालीन संचालन योजना (स्टेट एमरजेंसी ऑपरेशंस प्लान) कार्यान्वित करे।

**अनुभाग 5.** प्रतिक्रिया हेतु आवश्यक आपातकालीन खरीद, और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट) द्वारा यथा अधिकृत अन्य आपातकालीन शक्तियों के संबंध में सहायता देने के लिए, इलिनॉय अधिप्राप्ति संहिता (प्रोक्योरमेंट कोड) के वे उपबंध जो आपदा का सामना करने में आवश्यक कार्रवाई को किसी भी प्रकार से रोकते, बाधित करते, या विलंबित करते हों, उस सीमा तक स्थगित किए जाते हैं जिस सीमा तक वे संघीय कानून द्वारा आवश्यक नहीं किए गए हैं। यदि आवश्यक हो तो, और

इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट), 20, ILCS 3305/7(1) के अनुभाग 7(1) के अनुसरण में, राज्यपाल (गवर्नर) अतिरिक्त संविधियों, आदेशों, नियमों, और विनियमों को स्थगित करने के लिए उपयुक्त कार्यकारी कार्रवाई कर सकता है।

**अनुभाग 6.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट), 20, ILCS 3305/7(3) के अनुभाग 7(3) के अनुसरण में, यह उद्घोषणा राज्यपाल (गवर्नर) के, आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यक्रमों को निष्पादित या सुगमित करने के उद्देश्य से राज्य के विभागों और उनके अभिकरणों या इकाइयों के निर्देश, कार्मिकों या प्रकार्यों को स्थानांतरित करने के प्राधिकार को, आवश्यकतानुसार, सक्षम करती है।

**अनुभाग 7.** इलिनॉय जन स्वास्थ्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ), इलिनॉय बीमा विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ इंश्योरेंस), और इलिनॉय स्वास्थ्य देखभाल एवं परिवार सेवाएं विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थकेयर एंड फ़ेमिली सर्विसेज़) को यह निर्देश दिया जाता है कि वे COVID-19 और उसके परीक्षण के लिए विस्तारित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें उपभोक्ताओं को कोविड-19 (COVID-19) की पहचान करने वाली परीक्षण एवं उपचार सेवाओं का उपयोग करने में वित्तीय बाधाओं का सामना न करना पड़े, के लिए आवश्यक कार्रवाइयों की अनुंशसा की जाती है।

**अनुभाग 8.** इलिनॉय राज्य शिक्षा बोर्ड (स्टेट बोर्ड ऑफ़ एजुकेशन) को निर्देश दिया जाता है कि वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल से जुड़े सीखने के किसी भी प्रभाव को संबोधित करने पर ध्यान देने के लिए/का हल निकालने के लिए, और इस उद्घोषणा के प्रभावी रहने के दौरान ई-अधिगम (ई-लर्निंग), जो इलिनॉय स्कूल संहिता (स्कूल कोड), 105 ILCS 5/1-1 एवं अनुवर्ती, में विद्यमान है, के उपयोग में जो भी बाधाएं हों उन्हें घटाने के लिए, आवश्यक कार्रवाइयों की अनुशंसा करें, और, उपयुक्ततानुसार, वे कार्रवाइयां करें।

**अनुभाग 9.** राज्य के सभी अभिकरणों (एजेंसियों) को यह निर्देश दिया जाता है कि वे वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के आर्थिक प्रभाव का सामना करने और उससे उबरने की रणनीतियों एवं योजनाओं के विकास एवं कार्यान्वयन में राज्यपाल (गवर्नर), अन्य राज्य अभिकरणों और स्थानीय प्राधिकरणों का सहयोग करें।

**अनुभाग 10.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट), 20, ILCS 3305/7(14) के अनुभाग 7(14) के अनुसरण में, इलिनॉय राज्य में वस्तुओं या सेवाओं, जिनमें चिकित्सीय आपूर्तियां, सुरक्षा उपकरण, दवाएं और वे अन्य उपयोगी वस्तुएं शामिल हैं जो कोविड-19 (COVID-19) की रोकथाम या के उपचार और उससे उबरने/स्वास्थ्य लाभ करने के लिए अभीष्ट हैं, के विक्रय मूल्य में इस उद्घोषणा के प्रभावी रहने के दौरान वृद्धि करना निषिद्ध रहेगा।

**अनुभाग 11.** यह उद्घोषणा संघीय आपातकालीन और/या आपदा सहायता के अनुरोधों को सुगम कर सकती है, बशर्ते क्षति का पूर्ण व व्यापक आकलन यह इंगित करे कि प्रभावी बहाली राज्य और प्रभावित स्थानीय सरकारों की क्षमताओं से परे है।

**अनुभाग 12.** राज्यसभा विधेयक (सीनेट बिल) 2135 (101वीं महासभा (जनरल असेंबली), अनुच्छेद 15, अनुभाग 15-5, जो मुक्त बैठक अधिनियम (ओपन मीटिंग्स एक्ट), नवीन अनुभाग 5 ILCS 120/7(e)(4) को संशोधित करता है, के प्रयोजनों के लिए मैं यह पाता हूं कि इस उद्घोषणा में उल्लिखित विषयगत सार्वजनिक स्वास्थ्य की चिंताएं, नियमित बैठक स्थल पर दस से अधिक लोगों की व्यक्तिगत उपस्थिति को असंभाव्य बनाती हैं।

**अनुभाग 13.** यह उद्घोषणा तत्काल प्रभावी होगी और 30 दिनों तक प्रभावी रहेगी।

जिसे साक्षी मानकर, मैंने इस दस्तावेज़ पर मेरे हस्ताक्षर किए हैं और इलिनॉय राज्य की महान मोहर लगवाई है।

हमारे परमेश्वर के दो हज़ार बीसवें वर्ष और इलिनॉय राज्य के दो सौ दोवें वर्ष में मई के *29*वें दिन स्प्रिंगफ़ील्ड *(Springfield)* शहर में

विधायिका व कार्यपालिका भवन
/कैपिटल /*Capitol*/में कृत।

राज्य के सचिव　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अभिनियंत्रक (गवर्नर)